>

Title: Regarding rural electrification in Jharkhand under Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से झारखंड राज्य के कई जिलों में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत जो विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है और जो उसकी क्वालिटी है, वह भी जांच का विषय है और झारखंड सरकार ने भारत सरकार के पास एक प्रस्ताव बनाकर भेजा है कि वर्तमान में जो 10, 16 और 25 किलोवाट का जो ट्रांसफोर्मर दिया गया है, इससे जो बीपीएल परिवार को जो विद्युतीकरण का लाभ मिलना चाहिए था तो एक जगह तो बीपीएल परिवार नहीं रहते हैं। कहीं दो हैं, कहीं चार हैं और वहां पर एपीएल परिवार भी हैं और वर्तमान में एक तरफ से दामोदर वैली कारपोरेशन के द्वारा विद्युतीकरण हो रहा है और दूसरी तरफ से ट्रांसफोर्मर जलते जा रहे हैं। हमने पिछले सत्र में भी इस विषय को उठाया था, सरकार से हमने मांग भी रखी है और कमेटी में भी हमने इस बात को रखा कि वहां पर 63केवीए का ट्रांसफोर्मर उपलब्ध कराया जाए और थ्री-फेज-लाइन की व्यवस्था हो, ताकि एपीएल परिवार को भी उसका लाभ मिल सके और भारत सरकार की जो योजना है, वह सरजमीन पर उतर सके और जो प्रस्ताव भारत सरकार को झारखंड सरकार ने भेजा है कि विभिन्न क्षेत्रों में जहां पर ट्रांसफोर्मर जला है, कम से कम वहां 63 या 100 केवीए का ट्रांसफोर्मर लगाकर वहां की व्यवस्था को मजबूत किया जाए। भारत सरकार की जो राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना है उसका लाभ आम जनता को मिल सके। आपके माध्यम से मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि अविलम्ब इस पर कार्रवाई की जाए।